किसानों का प्रदर्शन | पुलिस -प्रशासन ने संभाला मोर्चा

# कृषि उपज मंडी का गेट बंद कर किया चक्का जाम





**नवभारत,दमोह।** कृषि उपज मंडी में व्यापारियों द्वारा ढेरी तय कर बाद में मना करने से नाराज किसान शनिवार को सड़क पर उतर आए और मंडी गेट पर तालाबंदी कर चक्का जाम कर दिया।जानकारी के अनुसार शनिवार को किसानों ने मंडी गेट को बंद कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।
किसानों का आरोप है कि व्यापारी पहले ढेरी तय कर लेते हैं और बाद में खरीद से मना कर देते हैं, जिससे उन्हें भारी परेशानी हो रही है।सूचना मिलते ही मौके पर एसडीएम सौरभ गंधर्व तहसीलदार रॉबिन जैन, मंडी सचिव घनश्याम मुड़ा, पटवारी तिलक राज यादव, नीलेश गर्ग, चौकी प्रभारी विक्रम दांगी,प्रधान आरक्षक रामकुमार, नरेंद्र,आरक्षक अखिलेश पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया।प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों और व्यापारियों दोनों पक्षों से बातचीत की। इस मामले में नरेंद्र बजाज सहित व्यापारियों और हम्माल सहित संघ रामेश्वर चौधरी द्वारा मंडी सचिव को पत्र भी सौंपा गया है।अधिकारियों ने बताया कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। फिलहाल व्यापारियों द्वारा डांक शुरू नहीं की गई है, जिससे किसानों को अपनी उपज बेचने में दिक्कतें आ रही हैं।किसानों ने कहा कि दिन-रात मेहनत करने वाले किसान अगर मंडी में परेशान होंगे तो उनका क्या होगा। प्रशासन ने जल्द समाधान का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

### व्यापारियों ने भी सौंपा ज्ञापन

कृषि उपज मंडी में शनिवार को किसानों द्वारा तालाबंदी और चक्का जाम किए जाने के बाद अब व्यापारियों ने भी मोर्चा खोल दिया है।दमोह दाल एंड ऑयल मिल ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र बजाज, अन्नपूर्णा दाल मिल और उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, बजरंग ट्रेडर्स के नेतृत्व में व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल भारसाधक/सचिव कृषि उपज मंडी समिति से मिला और एक पत्र सौंपा। पत्र में व्यापारियों ने कृषि उपज मंडी प्रांगण में डांक न करने की बात कही है। व्यापारियों का कहना है कि रामेश्वर चौधरी द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया। जब तक इस विवाद पर उचित कार्रवाई नहीं होती, तब तक डांक प्रक्रिया शुरू नहीं की जाएगी।बैठक दमोह शहर के निजी होटल में हुई, जहां समस्त व्यापारी एकत्रित हुए। इस दौरान व्यापारियों ने किसान भाइयों से माफी मांग कहा कि उनकी मंशा किसानों को परेशान करने की नहीं है।

### मंडी में तालाबंदी के बाद हम्माल संघ का विरोध



कृषि उपज मंडी में किसानों द्वारा तालाबंदी और चक्का जाम के बाद अब जिला हम्माल मजदूर संघ भी विरोध में उतर गया है।जिला हम्माल मजदूर संघ अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी और उपाध्यक्ष राजेंद्र नेता के नेतृत्व में हम्माल मजदूरों ने भारसाधक,कृषि उपज मंडी दमोह के नाम ज्ञापन सौंपकर नाराजगी जताई।संघ का आरोप है कि मंडी में व्यापारियों द्वारा हम्माल तुलावटी को जातिसूचक व अपशब्द कहे गए हैं। इसी विरोध में हम्माल मजदूरों ने कार्रवाई की मांग की है।हम्माल संघ अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी ने कहा कि मंडी में काम करने वाले मजदूरों का सम्मान होना चाहिए। दोषी व्यापारियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो संघ आगे उग्र आंदोलन करेगा। फिलहाल मंडी प्रशासन ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# मित्रता दिवस पर जिला अस्पताल को मिली दो व्हीलचेयर



### असहाय मरीजों को मिलेगी राहत

(विनय असाटी)

**नवभारत,दमोह।** जो मरीज चल-फिर नहीं सकते उनके लिए, शनिवार को जिला अस्पताल दमोह को मित्रता दिवस के अवसर पर 2 व्हीलचेयर भेंट की गईं। यह पहल जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ. विक्रम पटेल और उनकी टीम द्वारा की गई। टीम में मनिंदर सिंह, दीपक जैन, राजकुमार ठाकुर, डॉ. अरुण खत्री, विकास आहूजा, विकेश डोडवानी, अंकुर मेहरोत्रा, गुरप्रीत खनूजा और जिम्मी राजपूत शामिल रहे। आज रविवार को मित्रता दिवस (फ्रेंडशिप-डे) के उपलक्ष्य में शनिवार को सभी मित्रों ने एकत्रित होकर यह व्हीलचेयर सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल,मंजूसा को सौंपी सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल और अस्पताल के कर्मचारियों ने इस सराहनीय कार्य के लिए डॉ.विक्रम पटेल और उनकी पूरी टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि ये व्हीलचेयर असहाय और जरूरतमंद मरीजों के आने-जाने में काफी मददगार साबित होंगी। इस पहल की अस्पताल में मौजूद मरीजों और परिजनों के साथ-साथ आमजन भी सराहना कर रहे हैं। मित्रता दिवस को यादगार बनाया - विकेश आहूजा ने बताया कि हम सभी मित्र यारों ने सोचा कि मित्रता दिवस को यादगार बनाया जाए। इसके लिए, हम सभी ने एकत्रित होकर एक राह पर तत्काल जिला अस्पताल की डिमांड होने पर यह दो व्हीलचेयर दी है। लगातार और भी सहयोग करते रहते हैं और आगे भी करते रहेंगे।

### सराहनीय कार्य

सिविल सर्जन डॉ.प्रहलाद पटेल और अस्पताल स्टाफ ने इस पहल के लिए टीम का आभार जताया। उन्होंने बताया कि डॉक्टर विक्रम पटेल लगातार जिला अस्पताल में अच्छा काम करते हैं। इन्होंने और टीम ने जो यह कार्य किया है वह सराहनीय है। ये व्हीलचेयर उन मरीजों के काम आएंगी, जो चल-फिर नहीं सकते।
डॉक्टर प्रहलाद पटेल - सिविल सर्जन, दमोह




# नि :शुल्क योग शिविर का शुभारंभ

**नवभारत,पथरिया/दमोह।** योग ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज के आशीर्वाद से आज पतंजलि परिवार के योग शिक्षकों द्वारा जनपद प्रांगण दुर्गा माता मंदिर पथरिया में पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया, दीप प्रज्वलन आलोक स्थापक द्वारा एवं राजीव लोचन स्थापक सुदेश चौरसिया रमाशंकर पौराणिक जितेंद्र दुबे केशव पटेल दीनदयाल पटेल सभी के द्वारा भारत माता की छवि पर माल्यार्पण कर शिविर का शुभारंभ किया गया, प्रथम दिन योग अभ्यास योग शिक्षक देवी प्रसाद पांडे गंगाराम पटेल द्वारा किया गया योग शिविर में आसपास के सभी योग प्रेमी बंधुओ ने भाग लिया सभी नगर वासियों से अनुरोध है 4 अगस्त तक चलने वाले इस योग शिविर में सम्मिलित हो स्वास्थ्य आध्यात्मिक लाभ अवश्य उठाएं।

### बारिश के मौसम में बिजली से बचें : अधीक्षण अभियंता

**नवभारत,दमोह।** मप्रपूक्षेविविकंलि दमोह के अधीक्षण अभियंता द्वारा आम नागरिकों से बारिश के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा कि बारिश के मौसम में बिजली के खंभों से सुरक्षित दूरी बनाये रखें क्योंकि खराब मौसम के दौरान लीकेज करेंट,तार टूटने तथा अन्य विद्युत दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। अधीक्षण अभियंता अमित चौहान द्वारा जिले के आम नागरिकों से यह भी अनुरोध किया है कि विद्युत लाईनों व ट्रांसफार्मरों से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न करें, हाई टेंशन और एल.टी.लाइनों से पर्याप्त सुरक्षित दूरी बनाये रखें।अपने पालतू पशुओं को बिजली के खंभों या स्टे वायर से न बांधें। जल-भराव वाले स्थानों पर व बिजली के खंभों के पास जाने से बचें तथा ऐसे स्थानों पर रखे विद्युत उपकरणों का उपयोग न करें। छत या दीवारों से रिसाव, खराब या पुरानी वायरिंग,ढीले कनेक्शन तथा कमजोर अर्थिंग के कारण करेंट फैलने का खतरा बना रहता है इसलिए समय-समय पर किसी प्रमाणित इलेक्ट्रिशियन से घरेलू वायरिंग और अर्थिंग की जांच कराते रहें।

# राशन विक्रेताओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




### 7 सूत्रीय मांगों पर त्वरित निराकरण की मांग

**नवभारत,दमोह.** सहकारी समिति कर्मचारी संघ दमोह के बैनर तले समस्त राशन वितरण विक्रेताओं ने अपनी विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर दमोह कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र तिवारी और सचिव राकेश रजक के नेतृत्व में दिया गया। संघ ने ज्ञापन की प्रतिलिपि खाद्य अधिकारी दमोह, सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं और महाप्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दमोह को भी सौंपी है।

### ज्ञापन में रखीं ये 7 प्रमुख मांगें

समय पर वेतन भुगतान -समस्त राशन विक्रेताओं को 10,500 रुपये मासिक वेतन समय पर भुगतान किया जाए।एरियर्स का भुगतान-विक्रेताओं के एरियर्स की राशि बताई जाए। राशि शासन द्वारा बैंक व समितियों में भेजी जा चुकी है, लेकिन शाखा प्रबंधन व समिति प्रबंधक उक्त राशि विक्रेताओं को नहीं दे रहे हैं।इसे तत्काल दिलाया जाए।समान वेतन-सहकारी समितियों के अलावा जो भी समितियां पीडीएस का राशन वितरण कार्य करती हैं, उनके विक्रेताओं को भी 10,500 रुपये प्रतिमाह समान वेतन दिया जाए।तौल की समस्या-विक्रेताओं को खाद्यान्न एकमुश्त धर्मकांटे से दिया जाता है,जबकि उन्हें हजारों कार्डधारियों को अलग-अलग तौलकर देना पड़ता है।इससे तौल में कमी आ जाती है। इस समस्या का समाधान किया जाए।अन्य मांगें ज्ञापन में राशन वितरण से जुड़ी अन्य तकनीकी और प्रशासनिक समस्याओं को भी शामिल किया गया है।संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि जल्द मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा।प्रत्येक विक्रेता को 5 किलो प्रति क्विंटल के मान से सहायक प्रबंधक के पास दो-दो तीन-तीन समितियां का अतिरिक्त प्रभार होने से समितियां का कार्य प्रभावित होता है उसे अती शीघ्र प्रभार दिए जाएं।



# मांगों को लेकर पटवारियों ने बनाई आंदोलन की रणनीति

### 3 अगस्त से हड़ताल की तैयारियां तेज

**नवभारत,दमोह।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर पांच सूत्रीय मांगों के समर्थन में 3 अगस्त 2026 से प्रस्तावित हड़ताल को सफल बनाने के उद्देश्य से 1 अगस्त 2026 को पटवारी संघ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक में आंदोलन की आगामी रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया।बैठक के दौरान धरना स्थल पर पंडाल, पेयजल,बैनर-पोस्टर, आगंतुकों के स्वागत,आवश्यक व्यवस्थाओं तथा आंदोलन के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित समस्याओं के समाधान को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में प्रमुख रूप से प्रतीक दुबे ,सर्वेंद्र असाटी,विक्रम सोनी, सत्यदीप श्रीवास्तव, आशुतोष श्रीवास्तव, बृजेश विश्वकर्मा, भूपेंद्र पटेल, बृजेन्द्रनाथ तिवारी ,कुंज बिहारी दुबे सहित बड़ी संख्या में मध्य प्रदेश पटवारी संघ के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

### एक नजर में



**चार धाम की तीर्थयात्रा से लौटने पर पार्षद कंसोटिया का स्वागत**

**नवभारत,दमोह।** दमोह नगरपालिका के स्वास्थ्य विभाग के सभापति प्रतिनिधि पूर्व पार्षद पप्पू कंसोटिया विगत दिवस अपने साथियों के साथ 12 ज्योतिर्लिंग और चार धाम की यात्रा कर दमोह लौटे हैं। जिनका सकल हिन्दू समाज जिला दमोह के द्वारा स्वागत किया गया है।इस दौरान सकल हिन्दू समाज जिला अध्यक्ष कपिल सोनी,नगरपालिका के नेता प्रतिपक्ष विजय जैन,युवा सकल हिन्दू समाज जिला अध्यक्ष मोंटी रायकवार,पूर्व पार्षद विवेक अग्रवाल, भाजपा युवा नेता संजय गौतम,सनी खत्री सहित युवा सकल हिन्दू समाज जिला दमोह के पदाधिकारियों की मौजूदगी रही।



**राज्यमंत्री लोधी ने की जनसुनवाई**

**नवभारत,जबेरा/दमोह।** प्रदेश के संस्कृति,पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जबेरा क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए कार्यालय नोहटा में सुनवाई की जाती है जिसमें बड़ी संख्या में अपनी समस्याए रख रहे हैं।राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा जनसुनवाई का आयोजन प्रत्येक शनिवार को प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाता है। आज कुल 81 आवेदन प्राप्त हुए हैं, सरकार का ध्येय है कि विधानसभा के निवासियों को सरकारी दफ्तरों में बार-बार ना जाने ताकि अतिरिक्त खर्च सहित समय की बचत हो सके।



**विधायक मलैया ने सुनी पीड़ित परिवारों की समस्याएं**

**नवभारत,दमोह।** दमोह विधायक जयंत मलैया ने ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान इमलियाघाट,मनका,खागर,हरदुआ,हिनौती,मुंडेरी,सुहेला व डुहली गांवों का दौरा किया।इस दौरान उन्होंने विभिन्न कारणों से प्रभावित एवं दुखित परिवारों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।भ्रमण के दौरान विधायक श्री मलैया ने ग्रामीणों से संवाद किया. कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली।

# 11 दिवसीय लघु रुद्रात्मक रुद्राभिषेक का 6 अगस्त भव्य प्रारंभ



**नवभारत,दमोह।** श्रावण मास भगवान शिव की आराधना का सर्वश्रेष्ठ व पुण्यदायी काल माना गया है। इसी पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री देवजागेश्वरनाथ जी मंदिर परिसर स्थित यज्ञ मंडप में 6 अगस्त से 16 अगस्त तक 11 दिवसीय लघु रुद्रात्मक रुद्राभिषेक का भव्य एवं वैदिक आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक अनुष्ठान प्रतिदिन प्रात: 8 बजे से दिन में 12 बजे तक वैदिक ब्राह्मणों के सान्निध्य में संपन्न होगा, जिसमें भगवान आशुतोष का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक,पूजन व आराधना की जाएगी। मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक आचार्य पंडित रामकृपाल शास्त्री ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रावण मास में भगवान शिव का जलाभिषेक व रुद्राभिषेक करने का विशेष महत्व शास्त्रों में वर्णित है। यजुर्वेद के श्रीरुद्रम, शिवपुराण तथा अन्य आगम ग्रंथों में रुद्राभिषेक को भगवान शिव को प्रसन्न करने वाला अत्यंत प्रभावशाली अनुष्ठान बताया गया है श्रद्धा व विधि-विधान के साथ किया गया रुद्राभिषेक व्यक्ति के जीवन में सुख, शांति, आरोग्य, समृद्धि एवं आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने बताया कि इस 11 दिवसीय अनुष्ठान के दौरान प्रतिदिन भगवान श्री देवजागेश्वरनाथ का विविध पवित्र द्रव्यों से अभिषेक किया जाएगा। वैदिक ऋत्विजों द्वारा रुद्रसूक्त, नमक-चमक तथा अन्य शिवमंत्रों का सस्वर पाठ किया जाएगा.



### ग्राम उमरी में दो गाड़ियां आपस में टकराई

**नवभारत,दमोह।** देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उमरी में दो गाड़ियां आपस में टकरा जाने पर चार घायलों को वहां से निकल रहे उप निरीक्षक रोहित द्विवेदी, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र ने तत्काल सहायता देखकर अस्पताल शिफ्ट कराकर घायलों का इलाज कराया।

# आबादी में पहुंचे चीतल का सुरक्षित रेस्क्यू

### ग्रामीणों की सतर्कता से बची जान

**नवभारत,अजबधाम( फतेहपुर )/दमोह।** शुक्रवार को अजबधाम (फतेहपुर) क्षेत्र में जंगल से भटककर एक चीतल बस स्टैंड के पास आबादी वाले इलाके में पहुंच गया।खुले क्षेत्र में घूम रहे चीतल पर आवारा कुत्तों व अन्य जानवरों के हमले का खतरा बना हुआ था।स्थिति को देखते हुए गांव के तीन युवकों- आयुष तिवारी, राजपूत और कार्तिक कुर्मीकृने सूझबूझ व सावधानी का परिचय देते हुए चीतल को सुरक्षित पकड़ लिया।



इसके बाद उन्होंने तत्काल वन विभाग को सूचना दी।सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और चीतल को अपने संरक्षण में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।ग्रामीणों की सतर्कता और वन विभाग की त्वरित कार्रवाई से चीतल की जान बच गई।

### सिंग्रामपुर से सेवानिवृत्त प्रथम आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का सम्मान

**नवभारत,सिंग्रामपुर/दमोह** .सिंग्रामपुर की प्रथम आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती किरण जैन ने 31 जुलाई 2026 को 31 वर्षों की गौरवपूर्ण व समर्पित सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्ति प्राप्त की।वर्ष 1996 में नियुक्ति के बाद से उन्होंने बच्चों, गर्भवती व धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और कल्याण के लिए निरंतर कार्य करते हुए क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई।श्रीमती किरण जैन का जन्म 17 जुलाई 1964 को सिंग्रामपुर में हुआ।



### बिजली गिरने से युवक गंभीर



**नवभारत,दमोह।** जिले में मौसम के बदलते मिजाज के बीच आकाशीय बिजली गिरने की घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुंजी निवासी गब्बो तिवारी, उम्र करीब 45 वर्ष खेत पर काम कर रहे थे।इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरी और उसकी धमक गब्बो तिवारी को लगी।घटना के बाद परिजन आनन-फानन में उन्हें निजी वाहन से दमोह जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज जारी है। गब्बो तिवारी के भाई प्रेम नारायण ने बताया कि ष्हम खेत पर काम कर रहे थे तभी अचानक बिजली गिरी।

# 24 घंटे के भीतर चोरी का खुलासा, घोड़ा बरामद

### एक आरोपी गिरफ्तार

**कुम्हारी दमोह, नवभारत ।** थाना कुम्हारी पुलिस ने घोड़ा चोरी के मामले का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया घोड़ा बरामद कर लिया है। बरामद घोड़े की कीमत लगभग 25 हजार रुपये बताई गई है।
पुलिस के अनुसार फरियादी इमाम खान (55 वर्ष) निवासी ग्राम कमता टपरिया, थाना नोहटा ने घोड़ा चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर थाना कुम्हारी में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी गणेश उर्फ रामगणेश दुबे (25 वर्ष) निवासी ग्राम कुम्हारी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि मामले में एक अन्य आरोपी अंशुल दुबे की तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गया घोड़ा बरामद कर लिया।



# मंदिर की दानपेटी में रखी नगदी व मुकुट-छत्र चोरी

### दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर सीसीटीवी कैमरे में दिखा अज्ञात चोर

**नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह.** तेंदूखेड़ा नगर से लगे नरगुवां ग्राम के दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से अज्ञात चोर रात्रि में दानपेटी में रखी नगदी हनुमान जी का चांदी का मुकुट चांदी का छत्र चुरा ले गया। सुबह मंदिर के पुजारी पूजा करने पहुंचे, तो मंदिर में चोरी होने का पता चला। जिसपर उन्होंने थाने में सूचना दी। जिस पर तेंदूखेड़ा टीआई सरोज ठाकुर सहित पुलिस बल के साथ नरगुवां हनुमान मंदिर पहुंची और जांच की तो हनुमान जी का छत्र मुकुट दानपेटी गायब मिली,सीसीटीवी में चोर दिखा। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरा में एक अज्ञात चोर जो सिर्फ लुंगी बनियान में मंदिर में चोरी करते नजर आया है। युवक मुंह पर कपड़ा बांधे हुए है, जिससे चेहरा नजर नहीं आया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरों के हौसले बुलंद है नगर में कई चोरी हुई है। जिनमें अधिकांश का आज तक पता नहीं चला। जिससे चोरों के हौसले बुलंद है अब चोर भगवान के घरों मंदिर में भी चोरी करने से नहीं डर रहे है।



हादसा | पुलिस ने बाहर निकलवाकर शुरू की शिनाख्त

# पुरैना तालाब में मिला कई दिन पुराना अज्ञात शव



**नवभारत, दमोह।** सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पुरैना तालाब में शनिवार को एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ा-गला शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव लगभग कई दिन पुराना बताया जा रहा है।जानकारी के अनुसार शव से बदबू आने पर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर कोतवाली से टीआई मनीष कुमार,एएसआई बलविंदर सिंह, प्रधान आरक्षक अभिषेक चौबे सहित पुलिस बल पहुंचा। पुलिस ने रेस्क्यू कर अज्ञात शव को तालाब से बाहर निकलवाया। शव काफी दिन पुराना होने के कारण पूरी तरह गल चुका है, जिसकी वजह से पहचान नहीं हो पाई है।

> पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं। फिलहाल पुलिस आसपास के थानों में गुमशुदगी के रिकॉर्ड खंगाल रही है और शव की पहचान करने में जुटी है। मामले की जांच जारी है।



### भटिया गांव से लापता बालिका का शव मिला

जिले के हटा थाना क्षेत्र अंतर्गत भटिया गांव से लापता हुई 4 वर्षीय मासूम वैष्णवी पिता शिवम अहिरवार का शव घर के पास ही एक पानी के गड्ढे में मिलने से क्षेत्र में शोक की लहर है।जानकारी के अनुसार बच्ची शुक्रवार शाम से लापता थी।सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एसडीओपी हटा केपी सिंह,थाना प्रभारी हटा सुधीर कुमार बेगी और पुलिस बल द्वारा शुक्रवार शाम 4 बजे से बच्ची की तलाश शुरू की गई थी।तलाश के दौरान रात करीब 11 बजे बच्ची का शव घर के समीप स्थित पानी के गड्ढे में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस पूरे मामले की बारीकी से जांच पड़ताल कर रही है। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।इस दुखद घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है।

# विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस मनाया गया

**नवभारत,दमोह.जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन एलायंस के सहयोग से बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला दमोह में संकल्प समाज सेवी संस्था ( सीएसडब्ल्यू ) द्वारा 30 जुलाई 2026 को विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रेस्क्यू व जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को पम्पलेट वितरित किए गए तथा मानव दुर्व्यापार के प्रति जागरूक किया गया।**

दिल्ली में जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन द्वारा आयोजित बाल व्यापार विरोधी अभियान के शुभारंभ के अवसर पर दमोह जिले से संस्था के प्रोग्राम निदेशक सन्देश बंसल ने भागीदारी की।उन्होंने कहा कि यदि ट्रेन या रेलवे स्टेशन पर किसी भी बच्चे की तस्करी किए जाने की सूचना मिले, तो तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस हेल्पलाइन 112 व जेआरसी टोल फ्री नंबर 1800 10 27 222 पर सूचना दें। ऐसी शिकायतों पर संबंधित तस्करों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।




> अभियान के दौरान रेलवे स्टेशन परिसर में यात्रियों व आम नागरिकों को मानव तस्करी से संबंधित जानकारी दी गई तथा बच्चों की तस्करी रोकने में जन सहभागिता की अपील की गई।इसी क्रम में संकल्प समाज सेवी संस्था (सीएसडब्ल्यू) द्वारा पंचायत भवन में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बाल विवाह एवं बाल श्रम के दुष्परिणामों की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा सभी उपस्थित लोगों को बाल विवाह न करने और न होने देने की शपथ दिलाई गई।